Number of Pages in Booklet : 32

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 32

Number of Questions in Booklet : 100

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100

Serial No. of Booklet

पुस्तिका क्रमांक

**280301**

# Admission Test For PG Course

# URATPG-2023

# PSYCHOLOGY

## Subject Code : 28

Roll No. of Candidate/अभ्यार्थी का अनुक्रमांक : ........................................

OMR Serial Number/ओ.एम.आर. क्रमांक : ........................................

Signature of Candidate/अभ्यार्थी के हस्ताक्षर : ........................................

Date of Examination/परीक्षा तिथि : ........................................

Signature of Invigilator/ वीक्षक के हस्ताक्षर : ........................................

**Time/समय : Two hours/दो घण्टे** **Maximum Marks/पूर्णांक : 100**

## INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. 01 to serial no. 100 are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (A), (B), (C), (D).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the **OMR**, sheets by using

**BLUE / BLACK BALL POINT PEN.**

8. There is no provision of **Negative marking.**
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found, then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, the English version shall be correct.

## निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान है।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक 1 से क्रमांक 100 तक के प्रश्न विषय से संबंधित हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर है जिन्हें क्रमशः (A) , (B), (C), (D) से अंकित किया गया है।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जायेगा।
7. अभ्यार्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को ओ.एम. आर. शीट पर **नीले/काले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध हैं। साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियामुनासार कार्यवाही होगी।
10. अभ्यार्थी अपने रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियों ओ.एम. आर. शीट पर सावधानी से भरें। ओ.एम.आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यार्थी का होगा।
11. यदि प्रश्न के हिन्दी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जायेगा।

SE

1. Which of the following School interpreted Behaviour as stimulus- Response Model?

(A) Structuralism

(B) Behaviourism

(C) Associationism

(D) Functionalism.

2. Which of the following is a unit of study of Pryccholosy.?

(A) Culture

(B) Society

(C) Individual

(D) Group

3. The very first step in the experiment is?

(A) Analysis

(B) Hypothesis

(C) Test

(D) Problem

1. निम्न में किस स्कूल ने व्यवहार की उद्दीपक –अनुक्रिया माडल के रूप में व्यख्या कीजिए।

(A) संरचनावाद

(B) व्यवहारवाद

(C) साहचर्यवाद

(D) प्रकार्यवाद

2. निम्न में से मनोविज्ञान के अध्ययन की इकाई क्या हैं?

(A) संस्कृति

(B) समाज

(C) वैयक्तिक

(D) समूह

3. प्रयोगात्मक विधि का प्रथम सोपान क्या है?

(A) विश्लेषण

(B) परिकल्पना

(C) परीक्षण

(D) समस्या

4. Where was the first experimental lab of psychology Established?

(A) Berlin

(B) Minnisota

(C) California

(D) Lepzeig

4. मनोविज्ञान की पहली प्रयोगशाला कहाँ स्थापित की गयी थी?

(A) बर्लिन

(B) मिनीसोटा

(C) केलीफोरनिया

(D) लिपजिग

5. In an experiment a researcher wants to study the effect of Age on learning. Age in which type of variable?

(A) Type 'S' Independent variable

(B) Dependent variable

(C) Extraneous Variable

(D) Type 'E' Independent variable

5. एक प्रयोग में अनुसंधानकर्ता आयु का सीखने की क्षामता पर पड़ने वाले प्रभार का अध्ययन करना चाहता है। इसमें आयु किस प्रकार का चर हैं?

(A) टाइप-एस स्वतंत्र चर

(B) आश्रित चर

(C) वहिरंग चर

(D) टाइप 'ई' स्वतंत्र चर

6. Objective introspection is related with whom of the following?

(A) James and Angel

(B) Wundt and Titchner

(C) Freud and Erickson

(D) Ebbinghaus and Watson

6. वस्तुनिष्ठ आत्मनिरीक्षण की प्रविधि का संबन्ध निम्न में से किस से है?

(A) जेम्स एवं एंगिल

(B) वुंड एवं टिचेनर

(C) फ्रॉयड एवं एरिक्सन

(D) ऐंबिगहास एवं वाटसन

7. In which of the following systematic study is done in controlled conditions?

(A) Case study

(B) Interview

(C) Psychoanalysis

(D) Experiment

7. निम्न में किस विधि में नियंत्रित अवस्थाओं में क्रमबद्ध अध्ययन किया जाता है?

(A) केस अध्ययन

(B) साक्षात्कार

(C) मनोविश्लेषण

(D) प्रयोग

8. The sample in which selection of one does not effect the selection of other is called

(A) Incidental sampling

(B) Purposive Sampling

(C) Random Sampling

(D) None of the above

8. जिस न्यादर्श में एक व्यक्ति का चुना जाना दूसरे के चुने जाने को न प्रभावित करे उसे क्या कहते हैं?

(A) आकस्मिक न्यादर्श

(B) उद्देश्ययुक्त न्यादर्श

(C) यादृच्छिक न्यादर्श

(D) उपरोक्त में से कोई नही

9. A researcher wants to study the effect of 'Vitamin–A' on eye sight of five Students. Which method of control will be used to minimize the effect of size of letters

(A) Elimination

(B) Constancy of Conditions

(C) Balancing

(D) Counter balancing

9. एक शोधकर्ता पाँच छात्रों की दृष्टि पर 'विटामिन ए' का प्रभाव देखना चाहता हैं, शब्दों के आकार के प्रभाव को न्यूनतम करने के लिये निम्न में से कौन से नियंत्रित की विधि का उपयोग होगा?

(A) निराकरन

(B) दशाओं की स्थिरता

(C) संतुलन

(D) प्रति संतुलन

10. In which school of Psychology emphasis is given on basic elements of consciousness?

(A) Structuralism

(B) Functionalism

(C) Behaviourism

(D) Humanistic

11. Age of subject is which type of Extraneous Variable?

(A) Subject relevant variable

(B) Situational relevant variable

(C) Sequence relevant variable

(D) None of above.

12. Which of the following is correct formula of Sparman's Rank order correction?

(A) $P = \dfrac{1- 6\left|\sum D^2\right|}{N-1}$

(B) $P = 1- \dfrac{6\sum D^2}{N(N^2-1)}$

(C) $P = \dfrac{6\sum D^2}{N(N^2-1)}$

(D) $P = \dfrac{1- 6\sum D^2}{N}$

10. मनोविज्ञान के किस संप्रदाय के चेतना के मौलिक तत्वों पर ध्यान केंद्रित किया जाता हैं?

(A) संरचनावाद

(B) प्रकार्यवाद

(C) व्यवहारवाद

(D) मानवतावाद

11. प्रयोज्य की आयु निम्न में से कौन सा वहिरंग चर हैं?

(A) प्रयोज्य संगत चर

(B) स्थितीजनक संगत चर

(C) क्रमिक संगत चर

(D) उपरोक्त में कोई नहीं

12. निम्न में से स्पीयरमैन के कौटि क्रम का सूत्र क्या है?

(A) $P = \dfrac{1- 6\left|\sum D^2\right|}{N-1}$

(B) $P = 1- \dfrac{6\sum D^2}{N(N^2-1)}$

(C) $P = \dfrac{6\sum D^2}{N(N^2-1)}$

(D) $P = \dfrac{1- 6\sum D^2}{N}$

13. In chi square what will be the value of Yate's correction.

(A) – 1.5

(B) – 0.4

(C) – 0.5

(D) – 0.7

14. Which is the highest scale of Measurement?

(A) Ordinal scale

(B) Interval Scale

(C) Nominal Scale

(D) Ratio Scale

15. Which of the following are the structures of Neuron ?

(i) Cell body (ii) Dendrite

(iii) Microglia (iv) Axon

(A) 1, 2 and 3

(B) 1, 2 and 4

(C) 2, 3 and 4

(D) 1, 3 and 4

13. काई स्क्वायर में येट सुधार का मूल्य क्या होगा?

(A) – 1.5

(B) – 0.4

(C) – 0.5

(D) – 0.7

14. मापन की कौन सी मापनी सबसे उच्च है?

(A) कोटिक्रमिक मापनी

(B) अंतराल मापनी

(C) नामित मापनी

(D) आनुपातिक मापनी

15. निम्नलिखित में से कौन सा न्यूरॉन की संरचनाएं हैं?

(i) सेल बॉडी (ii) डेन्ड्राइट

(iii) माइक्रोग्लिा (iv) एक्सोन

(A) 1, 2 एवं 3

(B) 1, 2 एवं 4

(C) 2, 3 एवं 4

(D) 1, 3 एवं 4

16. Hypothalamus plays important role in which of the following?

(A) Thinking

(B) Reasoning.

(C) Learning

(D) Emotion

17. Cerebellum is mainly related with which of the following?

(A) In regulation of motor coordination

(B) Memory

(C) Emotion

(D) None of the above.

18. Adrenal gland is located at which part of the body?

(A) Brain

(B) Intestine

(C) Kidney

(D) None of the above

16. हाइपोथैलेमस निम्न में से किसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं?

(A) चिंतन

(B) तर्कण

(C) अधिगम

(D) संवेग

17. लघुमस्तिष्क का प्रमुख संबंध निम्न में से किससे है?

(A) पेशीय समन्वय के नियमन से

(B) स्मृति से

(C) संवेग से

(D) उपरोक्त में किसी से नहीं.

18. एड्रीनल ग्रन्थि शरीर के किस स्थान पर पाई जाती है?

(A) मस्तिष्क

(B) आँत

(C) वृक्क (Kidney)

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

19. Giving a meaning to object after sensation is called?

(A) Learning

(B) Perception

(C) Emotion

(D) Memory

19. किसी वस्तु की संवेदना के पश्चात उसे अर्थ प्रदान करना क्या कहलाता है?

(A) अधिगम

(B) प्रत्यक्षीकरण

(C) संवेग

(D) स्मृति

20. When we see a face of persons it is perceived as whole not the separate parts as nose, Lips, eyes etc. Which of the following is basis of this whole perception?

(A) Gestalt approach

(B) Information Processing approach

(C) Gibsonian approach

(D) Helmholtz theory

20. व्यक्ति जब किसी का चेहरा देखता है तब वह उसके नाक, होठ, आँखो आदी को अलग न देखकर एक पूरे चेहरे का प्रत्यक्षण करता है। इस का आधार क्या है?

(A) गेस्टालट उपागम

(B) सूचना संसाधन

(C) गिब्सोनीयन उपागम

(D) हेल्महोल्ज सिद्धाँत

21. When we perceive rope as a snake it is called?

(A) Hallucination

(B) Illusion

(C) Delusion

(D) None of the above

21. अँधेरे में रस्सी को साँप समझ बैठना क्या कहलाता है?

(A) विभ्रम

(B) भ्रम

(C) भ्रान्ति

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

22. Which of the following is not a law of perceptual organization?

(A) Similarity

(B) Good Continuous

(C) Accommodation

(D) Symmetry

22. निम्न में से कौन प्रत्यक्ष ज्ञानात्मक संगठन का नीयम नहीं हैं।

(A) समानता

(B) सातत्य

(C) समायोजन

(D) सममिति

23. Space and movement is determined by which of the following method?

(A) Method of Limits

(B) Method of Average error

(C) Method of constant stimuli

(D) All the above.

23. निम्न में से किस विधि के द्वारा स्थान व गति त्रुटि का निर्धारण किया जाता है?

(A) सीमाविधि

(B) औसत त्रुटि विध

(C) स्थिर उद्दीपकों की विधि

(D) उपरोक्त सभी

24. In the method of Average error which of the following in used?

(A) Mullar Lyar Illusion

(B) Ponzo Illusion

(C) Zollner Illusion

(D) Orbinson Illusion

24. औसत त्रुटि विधि में निम्न में से किसका उपयोग किया जाता है?

(A) मुलर लायर भ्रम

(B) पोंजो भ्रम

(C) जोलनर भ्रम

(D) आरबिनसन भ्रम

25. Which of the following instrument is used to measure Reaction Time?

(A) Tachistoscope

(B) Mirror Drawing apparatus

(C) Aesthesiometer

(D) Chronoscope

25. प्रतिक्रिया मापन के लिये निम्न में से किस यंत्र का उपयोग होता है?

(A) टेचिस्टोस्कोप

(B) दर्पण चित्रण यंत्र

(C) ऐसथिसीयोमीटर

(D) क्रोनोस्कोप

26. Cinema is an example of which movement?

(A) Actual Movement

(B) Phi Phenomenon

(C) Induced Movement

(D) Gama Movement

26. सिनेमा किस गति का उदाहरण है?

(A) वास्तविक गति

(B) फाई घटना

(C) उत्पन्न गति

(D) गामा गति

27. Which of the following can be taken in the category of Monocular depth cues?

(A) Relative size

(B) Linear perspective

(C) Interposition

(D) All of the above

27. निम्न मे से किसे एकनेत्री गहराई संकेत की श्रेणी में लिया जा सकता है?

(A) सापेक्ष आकार

(B) रेखीय परिदर्श

(C) आच्छादन

(D) उपरोक्त सभी

28. Binocular Disparity is related with which of the following?

(A) Perception

(B) Vigilance

(C) Attention

(D) Imagination

29. Korte's Law is related with which of the following?

(A) Depth Perception

(B) Apparent movement

(C) Binocular Disparity

(D) Linear Perspective

30. Which of the following was main area of research of gestalt Psychologists?

(A) Colour vision

(B) Distance Perception

(C) Form Perception

(D) Depth perception

28. द्विनेत्री वैषम्य निम्न में किससे संबंधित है?

(A) प्रत्यक्षीकरण

(B) सतर्कता

(C) अवधान

(D) कल्पना

29. कोर्टे का नीयम निम्न में से किससे संबंधित है?

(A) गहराई प्रत्यक्षीकरण

(B) आभसी गीत

(C) द्विनेत्री भिन्नता

(D) रेखीय संदर्भ

30. गेस्टालट मनोवैज्ञानिकों का निम्न मे कौन शोध का प्रमुख विषय था?

(A) रंग दृष्टि

(B) दूरी का प्रत्यक्षीकरण

(C) आकार प्रत्यक्षीकरण

(D) गहराई का प्रत्यक्षीकरण

31. What do you mean by Learning?

(A) Change in attitude

(B) Absolute change in Behaviour

(C) Relatively permanent change in Behaviour

(D) Change in feeling

32. At the age of one year Rakesh was not able to walk. At the age of two years he was able to walk. This change in behaviour is called as-

(A) Learning

(B) Maturation

(C) Practice

(D) Growth

33. In a experiment which of the following variables are controlled?

(A) Independent variable

(B) Dependent variable

(C) Independent and Extraneous variable both

(D) Extraneous Variables

31. अधिगम से क्या तात्पर्य है?

(A) मनोवृति में परिवर्तन

(B) व्यवहार में शत प्रतिशत स्थायी परिवर्तन

(C) व्यवहार में अपेक्षाकृत स्थाई परिवर्तन

(D) अनुभूति में परिवर्तन

32. एक वर्ष की आयु में राकेश ठीक से नही चल पाता था। दो साल के आयु में राकेश ने अपने आप ठीक से चलना आरम्भ कर दिया। राकेश के व्यवहार में इस परिवर्तन का कारण है।

(A) सीखना

(B) परिपक्वता

(C) अभ्यास

(D) वर्द्धन

33. एक प्रयोग में किन चरों का नियंत्रण किया जाता हैं?

(A) स्वतंत्र चर

(B) आश्रित चर

(C) स्वतंत्र और वहिरंग चर दोनों

(D) वहिरंग चर

34. In Instrumental conditioning which of the following shows strength of conditioning.

(A) Response Rate

(B) Magnitude of Response

(C) Latency

(D) None of the above.

35. Ebbinghaus used which formula to form nonsense syllabi?

(A) CCC

(B) CCV

(C) CV C

(D) VVC

36. Which of the following is not a part of trial and Error Leaning Theory.

(A) Law of Readiness

(B) Law of Insight

(C) Law of exercise

(D) Law of effect

34. नेमैतिक अनुबंधन के सिद्धान्त में अनुबंधन की शक्ति को निम्न मे से कौन दिखाता है?

(A) अनुक्रिया दर

(B) अनुक्रिया की मात्रा

(C) अन्तर्हित

(D) उपरोक्त में कोई नहीं

35. ऐंबिहास ने किस सूत्र के द्वारा अर्थहीन शब्दों का निर्माण किया।

(A) CCC

(B) CCV

(C) CV C

(D) VVC

36. निम्न में से कौन सा नियम प्रयत्न व त्रुटि अधिगम सिद्धाँत का भाग नहीं है?

(A) तत्परता का नियम

(B) सूझ का नियम

(C) अभ्यास का नियम

(D) प्रभाव का नियम

37. In Pavlov's classical conditioning theory saliva on the sound of bell is which type of response.?

(A) CR

(B) UCR

(C) R?

(D) None of the above

37. पावलाव के प्राचीन अनुबंधन के सिद्धांन्त में घंटी की आवाज पर लार का आना निम्न में से कौन सी क्रिया है।

(A) CR

(B) UCR

(C) R?

(D) उपरोक्त में कोई नहीं

38. Stimulus Generalization is part of which theory of Learning?

(A) Insight Theory

(B) Trial and Error Theory

(C) Hull's Theory

(D) Classical Conditioning Theory

38. उद्दीपक सामन्यीकरन किस अधिगम सिद्धांत का भाग है?

(A) सूझ का सिद्धान्त

(B) प्रयत्न व त्रुटि का सिद्धान्त

(C) हल का सिद्धान्त

(D) प्राचीन अनुबंधन का सिद्धान्त

39. Skinner's Box was used in which of the following Learning Theory.

(A) Classical conditioning

(B) Insight Theory

(C) Operant conditioning

(D) Trial and Error learning

39. निम्न में से अधिगम के किस सिद्धान्त में स्किनर बाक्स का उपयोग किया गया था?

(A) प्राचीन अनुबंधन

(B) सूझ का सिद्धान्त

(C) क्रियाप्रसूत अनुबंधन

(D) प्रयत्न व त्रुटि अधिगम

40. "All forgetting must involve new learning". Who gave this statement?

(A) Guthrie

(B) Tolman

(C) Piaget

(D) Skinner

41. What is Learning Plateau?

(A) Increment of learning

(B) Neither increment nor Decrement in Learning

(C) Decrement of Learning

(D) Increment and Decrement in Learning in cyclical manner

42. In serial learning generally which part of the list is learned quickly?

(A) Begining and middle part of the list

(B) Middle and last part of the list.

(C) Begining and last part of the list.

(D) Begining and middle part of the list.

40. ''सभी तरह के विस्मरण में नया में अधिगम सम्मिलित होता है''। यह किसने कहा?

(A) गथरी

(B) टालमैन

(C) पियाजे

(D) स्किनर

41. अधिगम पठार क्या है?

(A) अधिगम का बढ़ना

(B) अधिगम का न बढ़ना न घटना

(C) अधिगम का घटना

(D) अधिगम का बढ़ना और घटना चक्राकार रूप में

42. क्रमिक अधिगम में सामान्यता सूची के कौन से भाग जल्दी याद होते हैं?

(A) आरंभिक और बीच का भाग

(B) बीच और अंत का भाग

(C) आरंभिक और अंत का भाग

(D) आरंभिक और बीच का भाग

43. Which is the following is Associated with "Forgetting curve"

(A) Watson

(B) Wundt

(C) Bartlet

(D) Ebbinghaus

44. Which of the following method is used to measure Short Term Memory (STM)?

(A) Distraction and Saving Method

(B) Distraction and Probe Method

(C) Reconstruction and Recognition Method

(D) Probe and Saving Method

45. Iconic Memory is which the following type?

(A) Sensory memory

(B) Secondary memory

(C) Primary memory

(D) Episodic method

43. निम्न में कौन ''विस्मरण वक्र'' से संबंधित है।

(A) वाटसन

(B) वुण्ड

(C) बार्टलेट

(D) ऐबिंगहास

44. लघुकालिक स्मृति मापन के लिये निम्न में से कौन सी विधियों का उपयोग होता है?

(A) उचाट और बचत विधि

(B) उचाट और छानबीन विधि

(C) पुन: निर्माण और प्रतिभिज्ञा विधि

(D) छानबीन और बचत विधि

45. प्रतिमापरक स्मृति निम्न में से किस का प्रकार है?

(A) संवेदी स्मृति

(B) गौण स्मृति

(C) प्राथमिक स्मृति

(D) घटनाजन्य स्मृति

46. Which of the following instrument will be ured to conduct an experiment on trod and Error Learning Theory?

(A) Perimeter

(B) Aesthesiometer

(C) Mirror Drawing apparatus

(D) Chronoscope

46. प्रयत्न व त्रुटि अधिगम सिद्धांत का प्रयोगशाला मे अध्ययन करने के लिये निम्न में से किस यंत्र का उपयोग किया जायेगा?

(A) पेरीमीटर

(B) ऐस्थीशीयोमीटर

(C) दर्पण चित्रण यंत्र

(D) क्रोनोस्कोप

47. A student learned a list in 20 minutes. After a gap of 30 minutes he was asked to relearn the same list whichnow he learned in 12 minuntes. What will saving %?

(A) 60%

(B) 40%

(C) 30%

(D) 65%

47. एक छात्र ने एक सूची को 20 मिनट में याद कर लिया। 30 मिनट के अंतराल के पश्चात वही सूची पुनः याद करने को कहा गया जिसे उसने 12 मिन्ट में ही याद कर लिया। बचत प्रतिशत कितना होगा?

(A) 60%

(B) 40%

(C) 30%

(D) 65%

48. Which part of the brain is involved in Episodic memory?

(A) Septal Area

(B) Amygdela

(C) Hippocampus

(D) Cerebellum

48. प्रासंगिक स्मृति के लिए मस्तिष्क का कौन सा भाग सर्वाधिक उत्तरदायी है?

(A) सेपटल क्षेत्र

(B) ऐमिगडेला

(C) हिप्पोकेम्पस

(D) लघु मस्तिष्क

49. Who gave the concept of Retroactive Inhibition.

(A) Muller and Piljecker

(B) Robinson and miller

(C) Melton and Irving

(D) Robinson and Ebbinghaus

49. पश्चावरोधन का प्रत्यय किसने दिया?

(A) मुलर और पिलजेकर

(B) रोबिनसन और मिलर

(C) मेल्टन और इरविंना

(D) रोबिनसन और ऐंबिगहास

50. Who propounded Observational Learning Theory?

(A) Miller

(B) Bandura

(C) Kohler

(D) Festinger

50. प्रेक्षण अधिगम का सिद्धाँत किसने प्रतिपादित किया?

(A) मिलर

(B) बैण्डुरा

(C) कोहलर

(D) फेस्टिंगर

51. Intelligence Quotient (IQ) is calculated by which of the following formula

(A) $\frac{MA \times CA}{100}$

(B) $\frac{CA}{MA} \times 100$

(C) $\frac{MA}{CA} \times 100$

(D) $\frac{100}{MA \times CA}$

51. बुद्धि लब्धि निम्न में से किस सूत्र से ज्ञात की जाएगी?

(A) $\frac{MA \times CA}{100}$

(B) $\frac{CA}{MA} \times 100$

(C) $\frac{MA}{CA} \times 100$

(D) $\frac{100}{MA \times CA}$

52. The intelligence used to understand Signs, Symbols, Figures is known as-

(A) Social Intelligence

(B) Concrete Intelligence

(C) Abstract Intelligence

(D) Verbal Intelligence

52. जो बुद्धि संकेतों, चिन्हों, आकृतियों को समझने में काम आती है उसे क्या कहते है?

(A) सामाजिक बुद्धि

(B) मूर्त बुद्धि

(C) अमूर्त बुद्धि

(D) शाब्दिक बुद्धि

53. Which theory of intelligence believed that intelligence consists of two factors viz. general factor and specific factor?

(A) Spearman's Theory

(B) Thurston's Theory

(C) Guilford's Theory

(D) Sternberg's Theory.

53. बुद्धि के किस सिद्धान्त ने माना की बुद्धि के दो कारक है सामान्य कारक और विशिष्ट कारक

(A) स्पीयरमैन का सिद्धान्त

(B) थर्सटन का सिद्धान्त

(C) गिलफोर्ड का सिद्धान्त

(D) स्टर्नबर्ग का सिद्धान्त

54. According to Thurston how many Primary mental abilities are there.?

(A) Five

(B) Seven

(C) Eight

(D) Six

54. थर्सटन के अनुसार कुल कितनी प्राथमिक मानसिक योग्यतायें हैं।

(A) पाँच

(B) सात

(C) आठ

(D) छः

55. Who propounded three dimensional Theory of Intelligence?

(A) Cattel

(B) Terman

(C) Gardner

(D) Guilford

55. बुद्धि के त्रिविमा सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया?

(A) कैटेल

(B) टरमन

(C) गार्डनर

(D) गिलफोर्ड

56. In which of the following Intelligence test IQ was used for first time?

(A) Bine-Simon Scale - 10/05

(B) WAIS

(C) Stanford Binet Scale - 1916

(D) Binet Simon Scale - 1908

56. निम्न में से किस बुद्धि परीक्षण बुद्धि लब्धि IQ का उपयोग किया गया?

(A) बिने साइमन मापनी-10/05

(B) WAIS

(C) स्टेन्फोर्ड बिने बुद्धि मापनी-1916

(D) बिने साइमन मापनी 1908

57. What type of thinking is dominantly found in a creative person?

(A) Convergent thinking

(B) Divergent thinking

(C) Evaluative thinking

(D) Autistic thinking.

57. एक सृजनात्मक व्यक्ति में किस प्रकार के चिंतन का प्रभुत्व पाया जाता है?

(A) अभिसारी चिंतन

(B) अपसारी चिंतन

(C) आलोचनात्मक चिंतन

(D) स्वती चिंतन

58. Who gave the concept of crystallized and fluid intelligence?

(A) Guilford

(B) Terman

(C) Cattell

(D) Gardner

58. ठोस बुद्धि और तरल बुद्धि का प्रत्यय किसने दिया?

(A) गिलफोर्ड

(B) टरमन

(C) कैटेल

(D) गार्डनर

59. Which of the intelligence will be more in a socially skilled person?

(A) Abstract Intelligence

(B) Social Intelligence

(C) Concrete Intelligence

(D) All the above

59. एक सामाजिक कुशलता वाले व्यक्ति में निम्न में से कौन सी बुद्धि सर्वाधिक होती है?

(A) अमूर्त बुद्धि

(B) सामाजिक बुद्धि

(C) मूर्त बुद्धि

(D) उपरोक्त सभी

60. Which of the following is not a component of Emotional Intelligence?

(A) Sympathy

(B) Understanding one's emotions

(C) Understanding other's emotion

(D) Empathy.

60. निम्न में से कौन सांवेगिक बुद्धि का भाम नही है?

(A) सहानभूती

(B) अपने संवेगों को समझना

(C) दूसरों के संवेगों को समझाना

(D) परानूभूती

61. The reference point against which the raw scores on a test are interpreted is called?

(A) Reliability

(B) Validity

(C) Discrimination Power

(D) Norms

62. In Bhatia Battery Pass along test is which type of test.

(A) Speed-Group-Verbel

(B) Nonverbal - Individual - Group

(C) Performance - Speed Individual

(D) Power - Performance - Individual

63. Which of the following is a types of Developmental Norm.

(A) 'T' Norm

(B) Mental Age

(C) Stanine

(D) 'Z' Score.

61. वह संदर्भ बिंदु जिससे परीक्षण में प्राप्त अंकों की तुलना करके व्याख्या की जाती है क्या कहलाती है?

(A) विश्वसनीयता

(B) वैधता

(C) विभेदन शक्ति

(D) मानक अंक

62. भाटिया बैटरी में पास एंलोग परीक्षण किस श्रेणी में आता हैं?

(A) गति-सामूहिक-शाब्दिक

(B) अशाब्दिक-वैयक्तिक-सामूहिक

(C) निष्पादन-गति-वैयक्तिक

(D) शक्ति-निष्पादन-सामूहिक

63. निम्न में से विकासात्मक मानक अंक कौन सा है?

(A) 'T' मानक अंक

(B) मानसिक आयु

(C) स्टेनाइन

(D) 'Z' अंक

64. In Parallel form (Delayed) reliability the error variance is due to which of the following factor?

(A) Temporal

(B) Content

(C) Temporal and Content

(D) None of the above

65. Spearman Brown formula is applied in which type of reliability?

(A) Split Half

(B) Test Retest

(C) Alternate form (Immediate)

(D) Alternate form (Delayed)

66. Who gave the concept of 'T' Norm?

(A) Mcnemar

(B) Anastasi

(C) Fischer

(D) Mccall

64. सामांतर प्रारूप (विलंबित) में निम्न में त्रुटि विचलन निम्न में से किस कारण से होगा?

(A) समय

(B) विषय वस्तु

(C) समय और विषय वस्तु

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

65. स्पीयरमैन ब्राउन सूत्र किस विश्वसनीयता में उपयोग किया जाता है?

(A) अर्द्ध-विच्छेद

(B) परीक्षण पुन: परीक्षण

(C) वैकल्पिक प्रारूप (तात्कालिक)

(D) वैकल्पिक प्रारूप (विलंबित)

66. 'T' मानक अंक का प्रत्यय किसने दिया?

(A) मैक्नेमार

(B) ऐनस्तेसी

(C) फिशर

(D) मैक्काल

67. Korte's Law is related with which Phenomenon of Perception?

(A) Perception of Depth

(B) Perception of movement

(C) Perception of space

(D) Perception of Distance.

68. Biserial correlation is used for which of the following?

(A) Item Analysis

(B) Validity

(C) Norms

(D) Reliability

69. Who constructed culture Free Test?

(A) Binet

(B) Terman

(C) Wecholer

(D) Cattell

70. Complete the definition of Personality given by all por't by filing the blank space.

" Personality is the dynamic organization of those ___________ systems within individual which determine his unique adjustment with environment".

(A) Psychological

(B) Psychosocial

(C) Psycho physical

(D) Biological-Social

67. कोर्ट का नियम प्रत्यक्षीकरण की किस क्रिया से संबंधित है?

(A) गहराई का प्रत्यक्षीकरण

(B) गति का प्रत्यक्षीकरण

(C) स्थान का प्रत्यक्षीकरण

(D) दूरी का प्रत्यक्षीकरण

68. बाईशीरीयल सहसंबंध का उपयोग निम्न में से किसमें होता है?

(A) पद विश्लेषण

(B) वैधता

(C) मानक अंक

(D) विश्वसनीयता

69. संस्कृति मुक्त परीक्षण निम्न में से किसने बनाया?

(A) बिने

(B) टरमन

(C) वेश्लर

(D) कैटेल

70. खाली स्थान को भरते हुये आलपोर्ट की व्यक्तित्व की परिभाषा को पूरा कीजिए।

"व्यक्तित्व व्यक्ति के..................गुणों का वह गत्यात्मक संगठन है जो उसके वातावरण के साथ अपूर्व समायोजन को निर्धारित करता है"

(A) मनोवैज्ञानिक

(B) मनो सामाजिक

(C) मनोदैहिक

(D) जैविक समाजिक

71. In an experiment researcher in to compare two group 'A' and 'B' which of the following statement is correct if null Hypothesis is formed?

(A) 'A' is better then 'B'

(B) There is no difference between 'A' and 'B'

(C) 'B' is better then 'A'

(D) Name of the above

71. एक शोधकर्ता अपने प्रयोग में दो समूहो 'A' और 'B' का तुलनात्मक अध्ययन कर रहा है। शून्य परिकल्पना के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही है?

(A) 'B' सें 'A' श्रेष्ठ है

(B) 'A' और 'B' में कोई अंतर नहीं है

(C) 'A' से 'B' श्रेष्ठ है

(D) उपरोक्त में कोई नहीं

72. To ascertain the significance of mean difference between two group which statistics will be applied.

(A) 't' test

(B) Chi square

(C) Rank order correlation

(D) Percentile.

72. दो समूहों के मध्यमानों की अंतर की सार्थकता की जाँच के लिये कौन सी सांख्यकी का उपयोग होगा?

(A) 't' test

(B) काई स्कवेयर

(C) कोटि क्रम सहसंबंध

(D) प्रतिशंताक

73. Which of the following is not a measure of central tendency?

(A) Mean

(B) Median

(C) Percentile

(D) Mode

73. निम्न में कौन केंद्रिय पवृती का मापन नही करता?

(A) मध्यमान

(B) मध्यांक

(C) प्रतिशतांक

(D) बहुलांक

74. In chi square which of the following method will be used to determine degree of freedom (df)

(A) $(N_1\text{-}1) + (N_2\text{-}1)$

(B) (r-1)

(C) (r-1)+(c-1)

(D) (r-1) (c-1)

74. काई स्कवेयर में स्वतंत्रता की डिगरी (df) निकालने के लिये किस विधि का उपयोग होगा

(A) $(N_1\text{-}1) + (N_2\text{-}1)$

(B) (r-1)

(C) (r-1)+(c-1)

(D) (r-1) (c-1)

75. Ego work an which principle?

(A) Reality

(B) Pleasure

(C) Morality

(D) All the above.

75. अहं किस सिद्धांत पर कार्य करता है?

(A) वास्तविकता

(B) आनन्द

(C) नैतिकता

(D) उपरोक्त सभी

76. In which technique of personality assessment the material is relatively ambiguous?

(A) Personality Inventory

(B) Projective Method

(C) Rating Scale

(D) Interview

76. व्यक्तित्व मापन की किस विधि में उद्दीपक उपेक्षाकृत अस्पष्ट होता है?

(A) व्यक्तित्व प्रश्नावली

(B) प्रक्षेपण विधि

(C) निर्धारण मापनी

(D) साक्षात्कार

77. In TAT which card is a blank card?

(A) Card No. 12

(B) Card No. 16

(C) Card No. 18

(D) Card No. 5

77. टी.ऐ.टी में कौन सा कार्ड रिक्त कार्ड है?

(A) कार्ड नं.-12

(B) कार्ड नं.-16

(C) कार्ड नं.-18

(D) कार्ड नं.-5

78. Which of the therapy is not a type of Behaviour therapy

(A) Systematic Desensitization

(B) Token Economy

(C) Client centered therapy

(D) Modeling

78. निम्न में कौन सी चिकित्सा व्यवहार चिकित्सा का प्रकार नहीं है।

(A) क्रमबद्ध असंवेदीकरण

(B) टोकन बचत

(C) रोगी केन्द्रित चिकित्सा

(D) मोडलिंग

79. Which Statistics is used to calculates reliability of a psychology test

(A) Correlation Coefficient

(B) Phi Coefficient

(C) 't' Test

(D) Percentile Rank

79. एक मनोवैज्ञानिक परीक्षण की विश्वसनीयता ज्ञात करने के लिए किस सांख्यकी का उपयोग होता है?

(A) सहसंबध गुणांक

(B) फाई गुणांक

(C) 't' परीक्षण

(D) प्रतिशतांक क्रम

80. Which of the following is not a component of Attitude

(A) Cogninitive

(B) Affective

(C) Functional

(D) Conformity.

80. निम्न में कौन अभिवृति का भाग नहीं है।

(A) संज्ञानात्मक

(B) भावात्मक

(C) क्रियात्मक

(D) अनुरूपता

81. In which of the following scales attitude is usually measured in five response alternatives.

(A) Thurston's scale

(B) Likert's scale

(C) Bagardus Social Distance Scale

(D) Semantic differential scale.

81. निम्न मनोवृति मापनियों मे से किसमें सामान्यत: मनोवृति का मापन पाँच अनुक्रिया विकल्प में किया जाता है।

(A) थर्सटन मापनी

(B) लिकर्ट मापनी

(C) बोगारडस सामाजिक दूरी मापनी

(D) अर्थविभेदक मापनी

82. Kurt Lewin is known for his work in which of the following area?

(A) Group Norm

(B) Group Dynamics

(C) Attitude

(D) Stereotypes

82. कर्ट लेविन निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में अपने कार्य के लिये जाने जाते हैं?

(A) समूह मानक

(B) समूह गतिकी

(C) मनोवृति

(D) रूढ़ियुक्तियाँ

83. Downward communication is used for which of the following purpose

(A) To explain Policy Decision

(B) To explain work Progress

(C) To give confidential information

(D) To spread rumours

83. अद्योमुखी संप्रेषण निम्न में से किस उद्देश्य की पूर्ती के लिये किया जाता है?

(A) नीतिगत निर्णय बताने के लियें

(B) कार्य की प्रगति बताने के लिये

(C) गोपनीय सूचनायें देने के लिये

(D) अफवाहें फैलाने के लियें

84. When a mental patient after listening a word or sentence starts repeating it number of times then this condition is called?

(A) Neologism

(B) Astasia Abasia

(C) Echolalia

(D) Cryptic Communication.

84. जब कोई मानसिक रोगी किसी वाक्य या शब्द को सुनकर उसे बार-बार दोहराता है तब इस अवस्था को क्या कहते है?

(A) न्यूलोग्जिाम

(B) ऐसटेसिया-ऐबेसिया

(C) इकोलैलिया

(D) रहस्यमय संचार

85. Who classified personality into four types on the basis of Humors

(A) Pinel

(B) Kraeptin

(C) Charcot

(D) Hippocrates

85. द्रव्यों के आधार पर किसने व्यक्तित्व के चार प्रकार बताये।

(A) पिनल

(B) क्रेपलिन

(C) चारकोट

(D) हिपोक्रेटस

86. After locking the door to see again and again whether it is properly locked or not. This behaviour denotes which type of the disease.

(A) Anxiety Neurosis

(B) Obsessive Compulsive

(C) Conversion Hysteria

(D) Hypochondriacal Neurosis

87. Which one of the following is odd

(A) Schizophrenia

(B) Manic Depressive

(C) Phobia

(D) Paranoia

88. Who used the term Schizophrenia for splitting of personality

(A) Bleuler

(B) Kraeplin

(C) Morel

(D) Freud

89. Astasia-Abasia is a prominent mental disorder related to which of the following?

(A) Sensory symptom

(B) Motor Symptom

(C) Visceral Symptom

(D) None of the above.

86. दरवाजे पर ताला लगाने के पश्चात बार-बार देखना कि ताला ठीक से लगा है की नहीं क्या कहलाता है?

(A) दुश्चिंता स्नायुविकृती

(B) मनोग्रस्ति बाध्यता

(C) रूपान्तरित हिस्टीरिया

(D) रोगभ्रमी स्नायुविकृती

87. निम्न में से कौन बेमेल है ?

(A) मनोविदालिता

(B) उत्साह-विषाद

(C) फोबियां

(D) स्थिर व्यामोह

88. व्यक्तित्व के विभाजन के लिये मनोविदालिता शब्द का प्रयोग किसने किया।

(A) ब्ल्यूलर

(B) क्रेपलिन

(C) मोरेल

(D) फ्रॉयड

89. ऐसटेसीया-ऐबेशीया निम्न में से किस प्रकार की मानसिक विकृति है।

(A) संवेदी लक्षण

(B) क्रियात्मक लक्षण

(C) आन्त्रिक लक्षण

(D) उपरोक्त में कोई नहीं

90. By which of the following Psychological test deterioration Index (DI) is determined.

(A) WAIS

(B) Binet Simon Intelligence Scale

(C) Raven Progressive Matrices

(D) DAT

90. निम्न में किस मनोवैज्ञानीक परीक्षण द्वारा क्षय सूचकांक (DI) का निर्धारण किया जाता है।

(A) WAIS

(B) बिने साइमन बुद्धि मापनी

(C) रैवन प्रोग्रेसिव मेट्रिसिस

(D) DAT

91. In the arousal of emotion which part of nervous system plays important role?

(A) Sympathetic Nervous system

(B) Parasympathetic nervous System

(C) Somatic Nervous System

(D) Central Nervous System

91. संवेग की उत्पत्ति में निम्न में किस तंत्रिका तंत्र की भूमिका अहम है?

(A) अनुकम्पी तंत्रिका तंत्र

(B) उपअनुकम्पी तंत्रिका तंत्र

(C) कायिक तंत्रिका तंत्र

(D) केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र

92. According to Freud what are two types of basic instincts?

(A) Aggression and Anxiety

(B) Ego and Super Ego

(C) Erose and Thantose

(D) Id and super ego

92. फ्रॉयड के अनुसार निम्न में कौन दो मूल प्रवृतियाँ है?

(A) आक्रमकता और चिन्ता

(B) अहं और पराहं

(C) ऐरोस और थेनटोस

(D) उपाहं और पराहं

93. Arrange following need in hierarchical order as per the theory of Maslow

1. Esteem 2. Self Actualization 3. Physiological 4. Safety 5. Belongingness

(A) 5-1-4-2-3

(B) 1-4-3-2-5

(C) 3-4-5-1-2

(D) 4-3-1-5-2

93. निम्न आवश्कताओं को मासलो के सिद्धान्त के अनुसार सही क्रम में लगायें

1. स्म्मान 2. आत्म वास्तवीकरन 3. दैहिक 4. सुरक्षा 5. संबंधन

(A) 5-1-4-2-3

(B) 1-4-3-2-5

(C) 3-4-5-1-2

(D) 4-3-1-5-2

94. Arousal Theory is related to which of the following area?

(A) Personality

(B) Motivation

(C) Aptitude

(D) Learning.

94. दत्तेजक उद्धान्त निम्न में से किससे संबंधित है?

(A) व्यक्तित्व

(B) अभिप्रेरणा

(C) अभिक्षमता

(D) अधिगम

95. Which Psychologist emphasized on Achievement Motivation.

(A) Freud

(B) Maslow

(C) Rogers

(D) Atkinson

95. निम्न में किस मनोवैज्ञानिक ने उपलब्धि अभिप्रेरण पर जोर दिया

(A) फ्रायड

(B) मास्लो

(C) रोजर्स

(D) ऐटकिन्सन

96. Which of the following is correct formula to calculate Mode

(A) 3 median – 2 mean

(B) 3 mean – 2 median

(C) mean – medion

(D) 3 median – 4 mean.

96. बहुलांक की गणना करने में निम्न में कौन सा सूत्र सही है।

(A) 3 मध्यांक –2 मध्यामान

(B) 3 मध्यामान –2 मध्यांक

(C) मध्यमान – मध्यांक

(D) 3 मध्यांक – 4 मध्यमान

97. Who classified Personality on the basis of values

(A) Jung

(B) Rotter

(C) Spranger

(D) Sheldon

97. मूल्यों के आधार पर व्यक्तित्व का वर्गीकरण किसने किया।

(A) युंग

(B) राटर

(C) स्प्रेंगर

(D) शेल्डन

98. Cumulative Percentage graph is also known as

(A) Histogram

(B) Ogive

(C) Polygon

(D) Bar diagram

99. In a distribution values of $Q_1$ and $Q_3$ are 162.62 and 179.19 respectively. What will be the value of Q?

(A) 7.15

(B) 9.31

(C) 8.28

(D) 8.59

100. Free Association method is used in which Psychotherapy

(A) Psychoanalysis

(B) Behaviour Therapy

(C) Client centered Therapy

(D) Cognitive Therapy.

98. संचीय प्रतिशत रेखा चित्र अन्य किस नाम से जाना जात है?

(A) हिस्टोग्राम

(B) ओजाइव

(C) पोलीगोन

(D) बार चित्र

99. एक वितरण में $Q_1$ का मान 162.62 और $Q_3$ का मान 179.19 है। इसमे Q का मान क्या होगा?

(A) 7.15

(B) 9.31

(C) 8.28

(D) 8.59

100. मुक्त साहचर्य विधि का उपयोग किस मनोचिकित्सा में होता है?

(A) मनोविश्लेषण

(B) व्यवहार चिकित्सा

(C) रोगी केन्द्रित चिकित्सा

(D) सज्ञानात्मक चिकित्सा

*****